**THE PIONEER (04.08.2016)**

# YMCA UNIVERSITY SIGNS MOU WITH DAIKIN

**Chandigarh:** The YMCA University of Science and Technology, Faridabad on Wednesday signed a Memorandum of Understanding (MoU) with Daikin Airconditioning India Pvt. Ltd (DAIPL) to start a Centre of Excellence (CoE) on HVAC Systems in the University. The Centre will impart practical skill training and industrial exposure to the students within the campus. The CoE is the first such centre by the Japanese Company - Daikin India in any educational institute in this region. The MoU was signed by the Managing Director and Chief Executive Officer of Daikin Airconditioning, Kanwal Jeet Jawa on behalf of the DAIPL and the Vice Chancellor of the University Prof. Dinesh Kumar on behalf of the University. On this occasion, Prof Kumar and KJ Jawa jointly inaugurated the Centre for Excellence, which has been developed in the Refrigeration and Air Conditioning Laboratory of the University and inspected the equipments being provided in the centre. In this Centre, the experts from DAIPL will impart training to the faculty and students on the advanced technologies in Heating Ventilation and Air-Conditioning System using air-conditioning units supplied by DAIPL.

**DAINIK JAGRAN (04.08.2016)**

# वाइएमसीए में मिलेगा एसी की तकनीक का व्यावहारिक ज्ञान




वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर करते डेकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवल जीत जावा तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। जागरण

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद ने डायकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ विश्वविद्यालय परिसर में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) की शुरुआत की है। इसको लेकर बुधवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों को एयरकंडिशनिंग की आधुनिक प्रौद्योगिकी का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा। जापानी कंपनी डायकिन की ओर से किसी शिक्षण संस्थान में स्थापित यह पहला केंद्र है। डायकिन एयर कंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कंपनी के प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवलजीत जावा तथा विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार तथा कंवलजीत जावा ने विश्वविद्यालय की आरएसी लैब में विकसित किए गए उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण किया। डायकिन इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवलजीत वाईएमसीए के पूर्व छात्र भी रहे है। उन्होंने पूरे विश्वविद्यालय का भ्रमण किया और वह हॉस्टल के उस कमरे में भी गए जहां पढ़ाई के दिनों में रहा करते थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय औद्योगिक मांग के अनुरूप कुशल कार्यबल तैयार करने के लिए समझौता बेहद अहम है। सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की सुविधाओं का लाभ अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचे, इसके लिए जल्द ही मैकेनिकल (एचवीएसी) में एक वर्षीय डिप्लोमा शुरू किया जाएगा। इस दौरान डायकिन इंडिया की ओर से संजय गोयल, केडी विरमानी, एपीएस गांधी, सचिन अरोड़ा मौजूद थे।

**DAINIK BHASKAR (04.08.2016)**

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू



**फरीदाबाद** | वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने डेकिन एयरकंडीशनिंग कंपनी के साथ परिसर में एचवीएसी प्रणाली पर आधारित एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केन्द्र) शुरू करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस उत्कृष्टता केन्द्र के माध्यम से छात्रों को विश्वविद्यालय परिसर में एयरकंडीशनिंग की आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा। जापानी कंपनी डेकिन द्वारा इस क्षेत्र के किसी शिक्षण संस्थान में स्थापित यह पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है। प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवल जीत जावा व कुलपति प्रो. दिनेश ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**NAVBHARAT TIMES (04.08.2016)**

# समझौते पर किए हस्ताक्षर



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ने बुधवार को डेकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एचवीएसी प्रणाली पर आधारित सेंटर ऑफ एक्सिलेंस शुरू करने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस सेंटर के माध्यम से स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी में एयरकंडिशनिंग का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर कंवल जीत जावा और यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. दिनेश कुमार ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## HINDUSTAN (04.08.2016)

# वाईएमसीए में कौशल केंद्र शुरू

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को डेकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से कौशल केंद्र शुरू हुआ। इसका उद्घाटन कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवलजीत जावा और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद किया।

इस कौशल केंद्र में छात्रों को एयरकंडिशनिंग की आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। जापानी कंपनी डेकिन ने पहली बार किसी शिक्षण संस्थान में अपना पहला उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र में डेकिन कंपनी के विशेषज्ञ छात्रों को एयरकंडिशन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी देंगे। वाईएमसीए विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में एक बेहतरीन संस्थान बताते हुए डेकिन इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जावा ने अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किए। डेकिन इंडिया की उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। जावा भी इस संस्थान के छात्र रहे हैं। उन्होंने पूरे विश्वविद्यालय का भ्रमण किया और वे उस कमरे में भी गए जहां पढ़ाई के दिनों में रहा करते थे।

**सहूलियत**

- एयरकंडिशनिंग की नवीनतम तकनीक का प्रशिक्षण मिलेगा
- डेकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का है सहयोग

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय औद्योगिक मांग के अनुरूप कुशल कार्यबल तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। वैश्विक औद्योगिक मांग एवं प्रौद्योगिकी के अनुरूप शैक्षिक पाठ्यक्रम तैयार करने में यह केंद्र मददगार साबित होगा। उन्होंने खुलासा किया कि इस केंद्र की सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचे, इसके लिए जल्द ही मैकेनिकल में एक वर्षीय डिप्लोमा शुरू किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. विक्रम सिंह, संजय गोयल, केडी विरमानी, एपीएस गांधी, सचिन अरोड़ा, डॉ. संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## PUNJAB KESARI (04.08.2016)

छाया : पंजाब केसरी



जापानी कंपनी डेकिन इंडिया द्वारा शुरू किये गये सैंटर आफ एक्सीलेंस का रिबन काटकर शुभारंभ करते प्रबंध निर्देशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवल जीत जावा साथ में हैं कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

# जापानी कंपनी ने शुरू किया सैंटर आफ एक्सीलेंस

फरीदाबाद,(नवीन धमीजा, ब्यूरो चीफ): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने आज यहां देश की अग्रिम एयरकंडिशनर कंपनी डेकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एचवीएसी प्राणाली पर आधारित एक सैंटर आफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केन्द्र) शुरू करने को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस उत्कृष्टता केन्द्र के माध्यम से विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में एयरकंडिशनिंग की आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा। जापानी कंपनी डेकिन द्वारा इस क्षेत्र के किसी शिक्षण संस्थान में स्थापित यह पहला सैंटर आफ एक्सीलेंस है। डेकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया प्राईवेट लिमिटेड की ओर से कंपनी के प्रबंध निर्देशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवल जीत जावा तथा विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने यहां आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार तथा श्री जावा ने विश्वविद्यालय की आरएसी लैब में विकसित किये गये उत्कृष्टता केन्द्र का निरीक्षण किया तथा उपकरणों एवं सुविधाओं का जायजा लिया। इस केन्द्र में डेकिन कंपनी के विशेषज्ञ विद्यार्थियों को एयरकंडिशन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में एक बेहतरीन संस्थान बताते हुए डेकिन इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जो कि वाईएमसीए के भूत-पूर्व छात्र भी रहे हैं, ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझे किये तथा डेकिन इंडिया की उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने पूरे विश्वविद्यालय का भ्रमण किया और वे उस कमरे में भी गये जहां पढ़ाई के दिनों में रहा करते थे। श्री जावा ने कहा कि संस्थान के साथ हुए समझौते का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एयरकंडिशनिंग की नवीनतम तकनीकों की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान करना है।